सत्यमेव जयते

कुलाधिपति

Chancellor

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय,

..................................University,

राज भवन, जयपुर – 302006

Raj Bhawan, Jaipur

क्रमांक : एफ.47(1)आरबी / 2013पार्ट2 / 7218

दिनांक : 16 सितम्बर, 2019

आदेश

राजभवन के आदेश क्रमांक एफ.47(1)आरबी / 2013 / 6413 दिनांक 21.08.2019 द्वारा श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर अधिनियम, 2013 की धारा 25(1) व 25(3) के अन्तर्गत डॉ. जीत सिंह संधू को कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति पद पर नियुक्त किया गया है।

डॉ. जीत सिंह संधू द्वारा श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति पद पर कार्यभार ग्रहण करने में अभी समय लगने की संभावना है।

प्रो. जे.पी. शर्मा, कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को अस्थाई व्यवस्था हेतु श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति पद के कृत्यों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया था। प्रो. जे.पी. शर्मा दिनांक 23.08.2019 से 30.11.2019 तक अवकाश पर रहेंगे।

इस प्रकार इन परिस्थितियों में उत्पन्न कुलपति पद की अस्थाई रिक्ति पर कुलपति पद पर कामचलाऊ व्यवस्था किया जाना अपेक्षित है।

अतः मैं, कलराज मिश्र, राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर उक्त विश्वविद्यालय के अधिनियम, 2013 की धारा 25(6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार की सलाह से डॉ. अनुला मौर्य, कुलपति, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर को डॉ. संधू द्वारा कार्यग्रहण करने अथवा प्रो. जे.पी. शर्मा के अवकाश से लौटने अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, अस्थाई व्यवस्था अन्तर्गत अतिरिक्त प्रभार के रूप में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति पद के कृत्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित करता हूँ।

हस्ता0

(कलराज मिश्र)

राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति

DS\GOVT. UNIV\SKNAU\VC appointment\Order

क्रमांक : एफ.47(1)आरबी/2013पार्ट2/7219 दिनांक : 16 सितम्बर, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. प्रमुख शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. डॉ. अनुला मौर्य, कुलपति, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. प्रो. जगदीश प्रसाद शर्मा, बी–49, सिद्धार्थ नगर, जयपुर।
7. डॉ. जीत सिंह संधू, कुलपति, नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या, उत्तर प्रदेश।
8. कुलसचिव, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
9. कुलसचिव, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
10. कुलसचिव, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर।

प्रभारी अधिकारी, उच्च शिक्षा

DS\GOVT. UNIV\SKNAU\VC appointment\Order